an>

Title: Need to enhance the wages of Home Guards and PRD jawans in Uttar Pradesh.

श्री कौशल किशोर (मोहनलालगंज) : मैं केन्द्र सरकार का ध्यान उत्तर प्रदेश में होमगार्ड्स व पी0आर0डी0 के जवानों की समस्याओं की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। होमगार्ड्स व पी0आर0डी0 के जवान पूरी ईमानदारी व मुस्तैदी से हर समय ड्यूटी करने को तैयार रहते हैं क्योंकि इनके पास इसके अलावा और कोई रोजगार नहीं है। होमगार्ड्स व पी0आर0डी0 के जवान पुलिस से ज्यादा कार्य करते हैं। होमगार्ड्स के जवान को प्रतिदिन 225 रूपए मानदेय मिलता है और पी0आर0डी0 के जवानों को उससे भी कम मिलता है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उत्तर प्रदेश की सरकार को यह निर्देश दें कि उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स व पी0आर0डी0 के जवानों को प्रतिदिन ड्यूटी सुनिश्चित करके इस महंगाई के दौर में कम से कम 500 रूपए प्रतिदिन की दर से भुगतान किया जाए।